प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- भारत और पाकिस्तान ने आज शाम 5 बजे से युद्धविराम का किया ऐलान– दोनों देश 12 मई को फिर करेंगे बातचीत।
- भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाए जाने के पाकिस्तान के आरोपों को नकारा।
- राज्यपाल ने शिमला में सर्वधर्म प्रतिनिधियों के साथ की बैठक– सभी से शांति, एकता व अखंडता बनाए रखने की अपील।
- जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तानी सेना के साथ संघर्ष में कांगड़ा ज़िले के सूबेदार मेजर पवन कुमार शहीद।

युद्ध विराम

भारत और पाकिस्तान आज शाम 5 बजे से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन्स महानिदेशक ने आज दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। किसी अन्य मुद्दे पर किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान इस बात पर सहमति बनी कि दोनों पक्ष ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दे दिए गए हैं। विदेश सचिव ने कहा कि सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को फिर से बातचीत करेंगे। इस बीच, केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत का यही रुख आगे भी जारी रहेगा।

सेना

भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाए जाने के पाकिस्तान के आरोपों को झूठा करार दिया है। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने आज युद्धविराम की घोषणा के बाद नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने किसी भी धार्मिक स्थल को निशाना नहीं बनाया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारत के ऑप्रेशन का लक्ष्य विशेष तौर पर आतंकी शिविरों और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जा रही सुविधाओं को निशाना बनाना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ये भी गलत सूचना फैलाई है कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज्ज में भारत के हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है और भारतीय सेना संवैधानिक मूल्यों का एक बेहद सुंदर प्रतिबिंब है।

*मैं आपको पाकिस्तान की मिस इंफोर्मेशन कैंपेन के बारे में अवगत कराउंगी। पहला, पाकिस्तान ने ये क्लेम किया कि उसने अपने जी.एफ–17 से हमारे एस–400 व ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया जोकि बिल्कुल गलत है। दूसरा, उसका ये भी मिस इंफोर्मेशन कैंपेन था कि हमारी ऐयर फील्ड्स जोकि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हैं, ये उसका मिस इंफोर्मेशन भी बहुत गलत है। तीसरा, पाकिस्तान के मिस इंफोर्मेशन कैंपेन के मुताबिक हमारे एमिनेशन डम्प का डैमेज हुआ। ये भी बिल्कुल गलत है।*

घोषणा

भारत ने फैसला किया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को देश के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। हाल ही में पाकिस्तान की तनाव बढाने की कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है, जो दोनों देशों के बीच समझौते के बाद कम हो गई है।

बैठक

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में सर्वधर्म प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बने हालात को लेकर सभी धर्मों के लोगों से शांति व्यवस्था और एकता व अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने पहलगाम घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार के साथ खड़े होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से भी लगातार भ्रामक प्रचार किया जा रहा है जिससे बचने की आवश्यकता है। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वीरों ने पहले भी देश के लिए शहादत दी है और हिमाचल के लोग भारतीय सेना के साथ मज़बूती से खड़े हैं।

शहीद

जम्मू–कश्मीर के राजौरी में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में आज सुबह पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार कांगड़ा ज़िला निवासी मेजर पवन कुमार शहीद हो गए। वे कांगड़ा ज़िले की शाहपुर नगर पंचायत के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मेजर पवन कुमार की शहादत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता दी जाएगी।

*हिमाचल का एक सपूत, जो इस देश के लिए कुर्बान हुआ है, हिमाचल सरकार उनको पूरी श्रद्धांजलि देती है। उनका सम्मान राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मेरी उनके पिताजी से भी बात हुई है और उन्होंने बड़े गर्व से कहा कि मेरा बेटा देश के लिए कुर्बान हुआ है और सरकार उनके प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करती है और जो हुआ है उसको श्रद्धांजलि भी अर्पित करती है। मैंने डिप्टी कमिशनर को भी दिशा निर्देश दिए हैं कि पूरा सम्मान उस वीर सैनिक का किया जाए मेजर साहब का, जिन्होंने इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी कुर्बानी दी है।*

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी मेजर पवन कुमार की शहादत पर दुःख जताया है। कांगड़ा से सांसद राजीव भारद्वाज ने आज शहीद पवन कुमार के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की और संवेदना जताई।

वापसी

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के निर्देश अनुसार राज्य सरकार ने जम्मू–कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की सुरक्षित प्रदेश वापसी की पहल की है। इस दिशा में आज सुबह श्रीनगर में पढ़ रहे 39 हिमाचली विद्यार्थियों को लेकर एक बस जम्मू के लिए रवाना हुई। हालांकि एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल के समीप भारी यातायात जाम के कारण विद्यार्थियों के पहुंचने में देरी हुई है। अधिकारियों को उम्मीद है कि आज देर शाम ये विद्यार्थी जम्मू पहुंचेंगे। राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस जम्मू के लिए भेजी गई है जो विद्यार्थियों को कांगड़ा ज़िले के जसूर तक पहुंचाएगी।

लोक अदालत

प्रदेश की सभी अदालतों में प्री–लिटिगेशन और लंबित मामलों के लिए आज लोक अदालतों का आयोजन किया गया। ये लोक अदालतें प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हुई। इन अदालतों में एक सौ 27 बैंचों के समक्ष 10 लाख 9 हज़ार एक सौ 34 मामले उठाए गए। इनमें से 59 हज़ार 4 सौ 40 मामलों का निपटारा किया गया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रखने में खेल गतिविधियों को महत्वपूर्ण बताया है। वे आज शिमला ज़िले के जुब्बल क्षेत्र के सालना में एक कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि खेलों से जहां एक ओर युवाओं का स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है वहीं एक स्वस्थ प्रतियोगिता भी निर्मित होती है जिससे युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर होती है।

प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार ने चंबा जिला के पांगी को प्रदेश का पहला प्राकृतिक खेती उप–मंडल घोषित करने को स्वीकृति दी है। इसका उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक खेती पारिस्थितिकी प्रणाली को मजबूत

करना है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पांगी घाटी में प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाने वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष किसान उत्पादक संगठन स्थापित किया जाएगा। ये संगठन प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए उत्पादों के विपणन में सहायता प्रदान करने, फसल उत्पादन में अंतराल को दूर करने, उत्पादों की आपूर्ति और उत्पादन का समुचित प्रबंधन और उपज के लिए प्रभावी ग्रेडिंग, पैकेजिंग और बाजार लिंकेज सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों को उनकी प्राकृतिक उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलने के साथ–साथ उपयुक्त बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर वर्षा हुई है। राजधानी शिमला व इसके साथ लगते क्षेत्रों में भी आज दोपहर के समय मूसलाधार वर्षा हुई। पिछले कुछ दिनों से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हो रही वर्षा से तापमान में भी कमी दर्ज की जा रही है। अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। ऊना का अधिकतम तापमान आज 36 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- भारत और पाकिस्तान ने आज शाम 5 बजे से युद्धविराम का किया ऐलान– दोनों देश 12 मई को फिर करेंगे बातचीत।
- भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाए जाने के पाकिस्तान के आरोपों को नकारा।
- राज्यपाल ने शिमला में सर्वधर्म प्रतिनिधियों के साथ की बैठक– सभी से शांति, एकता व अखंडता बनाए रखने की अपील।
- जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तानी सेना के साथ संघर्ष में कांगड़ा ज़िले के सूबेदार मेजर पवन कुमार शहीद।